हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

10 दीपों की जगमगाहट में नहाया नगर

11 रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने नगरी में बनेगा बड़ा रेशम क्लस्टर


## खबर संक्षेप

### मधुबन धाम में मातर महोत्सव आज

**मगरलोड।** दीपावली पर्व के भाई दूज की दूसरे दिन मधुबन धाम में मातर महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष श्री राम महायज्ञ मेला महोत्सव समिति मधुबन धाम रांकाडीह में मातर महोत्सव 24 अक्टूबर दिन शुक्रवार को रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराज नाग सांसद कांकेर लोकसभा होंगे। अध्यक्षता रोहित मोहन साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल मगरलोड करेंगे। विशिष्ट अतिथि टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत धमतरी , मीना डेमू साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी, वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, भोजराम साहू सरपंच रांकाडीह, शत्रुघ्न साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति रांकाडीह , लक्ष्मी नारायण साहू संयोजक श्रीराम महायज्ञ मेला समिति, अरूण कंवर अध्यक्ष श्रीराम महायज्ञ मेला समिति, केवल कंवर जनपद सदस्य, केशव यादव अध्यक्ष झेरिया यादव समाज मधुबन धाम होंगे।

### देवपुर में निषाद समाज का दीपावली मिलन 26 को

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की दीपावली मिलन समारोह 26 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे राम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखी गई है। जिसमें पाली परिक्षेत्र के नए पदाधिकारियों के चुनाव संबंध में चर्चा परिचर्चा किया जाएगा। यह जानकारी पाली अध्यक्ष फगनू राम निषाद, महासचिव नील निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक अधेड़ ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अरौद निवासी परभूराम साहू पिता रामचरण उम्र 57 वर्ष मजदूरी करता था। अधेड़ शराब सेवन करने का आदी था। त्यौहार के दिन बुधवार के दोपहर नशे की हालत में वह घर पहुंचा। उसे खाना खाने के लिए पूछा गया लेकिन खाने से मना कर अधेड़ अपने कमरे में चला गया। शाम होने से पहले किसी समय अधेड़ घर के पीछे की बाड़ी में स्थित आम के पेड़ पर गमछा का फंदा बना फांसी लगा लिया। शाम को पुत्र लघुशंका के लिये बाड़ी की तरफ गया तो अपने पिता को फंदे पर लटका पाया। उसे फंदे से उतार कर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### समर्थन मूल्य पर 15 नवम्बर से शुरू होगी धान खरीदी

**धमतरी।** प्रदेश सहित धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक होगी। इस अवधि में पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। पिछले वर्षों के अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए, सीमावर्ती राज्यों से अवैध रूप से धान की आवक तथा पंजीकृत किसानों के नाम पर धान की बिक्री जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण करने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विशेष निगरानी व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिले में चार प्रमुख स्थानों बोराई, बनरौद, सांकरा और बांसपानी में चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर ने संबंधित राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चेक पोस्टों में चौकसी बढ़ाई जाए तथा आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध परिवहन या विक्रय में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डूब प्रभावित ग्राम कोसमी विकास की मुख्यधारा से दूर, पीएम जनमन, धरती आबा का भी लाभ नहीं

# पच्चीस साल से नहीं सुन रही सरकार, हर साल खुद सड़क बनाते हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

25 साल से सड़क की मांग करते थक चुके डूबान क्षेत्र के ग्राम कोसमी के ग्रामीणों ने खुद के दम पर सड़क की मरम्मत शुरू कर दी है। तीन किमी लंबी इस सड़क की मरम्मत के लिए गांव स्तर पर चंदा इकठ्ठा किया गया। हर घर से किसान श्रमदान कर रहा है। धान की कटाई से पहले ग्रामीण सड़क तैयार कर लेंगे।

धरती आबा, पीएम जनमन जैसी योजनाओं में जिले को अवार्ड पर अवार्ड मिल रहा है। इन योजनाओं हकीकत देखनी है तो डूब प्रभावित गांव कोसमी से बेहतर जगह कोई नहीं है। यह गांव पूर्ण रूप से आदिवासी बस्ती है, जहां पर करीब 20 परिवार रहते हैं। आजादी के बाद से देश लगातार विकास कर रहा है, लेकिन कोसमी को एक सड़क तक नसीब नहीं हुआ है। ग्रामीण प्रदीप कुंजाम ने बताया कि 25 साल पहले वन विभाग ने गांव पहुंचने के लिए कच्ची सड़क बनाई थी। इसके बाद न तो इस सड़क पर डामर बिछाया गया और न ही मरम्मत की गई। सबसे ज्यादा तकलीफ बारिश में होती है, जब गांव का संपर्क ही टूट जाता है। अति आवश्यक होने पर आना जाना नाव के माध्यम से होता है।



### सड़क बनाना मजबूरी

गांव की सभी परिवार खेती और मत्स्याखेट से जीवन यापन करते हैं। अब धान कटाई का समय है। सड़क नहीं होने पर पहले किसान नाव से फसल बेचने के लिए ले जाते थे। वजन ज्यादा होने पर कई बार किसानों की पूरी फसल पानी डूब गई। किसान बाल बाल बचे। इसके बाद से किसानों ने खुद से सड़क की मरम्मत शुरू कर दी। ग्रामीण बल्दूराम मंडावी, पवन यादव, शिव सोरी, धनेश्वर यादव, प्रवीण कुंजाम सहित अन्य ग्रामीण मरम्मत में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि हर साल बारिश के बाद ग्रामीण चंदा और श्रमदान से सड़क की मरम्मत करते हैं। इसी सड़क से धान सहित अन्य फसल का परिवहन करते हैं। बारिश को छोड़कर बाकी के चार माह आना जाना भी इसी सड़क से होता है।

### योजना से वंचित डुबान क्षेत्र

धरती आबा योजना बिरसा मुंडा को समर्पित है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस अभियान के तहत 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं का मिलाकर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का विकास करना है। डुबान के अधिकांश गांव आदिवासी बाहुल्य हैं। इसके बाद भी डुब प्रभावित क्षेत्र को इस योजना से वंचित रखा गया है। यहां पर सिर्फ अकलाडोंगरी और मोंगरागहन को इस योजना में शामिल किया गया है। पंडरीपानी जैसे गांव, जो शत प्रतिशत आदिवासी बस्ती हैं, वह भी इस योजना से वंचित हैं। ग्राम कोसमी भी आदिवासी बाहुल्य बस्ती है।

### बारिश के चार माह नारकीय जीवन

सबसे ज्यादा तकलीफ ग्रामीणों को बारिश के चार माह के दौरान झेलनी पड़ती है। यह गांव बारिश के दौरान चारों ओर से पानी से घिर जाता है। जिस सड़क से ग्रामीण आना जाना करते हैं। वह भी बेहद खराब हो जाती है। इस दौरान सड़क से आना जाना पूरी तरह से बंद हो जाता है। इन चार महीनों में ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं। गर्भवती महिलाओं और मरीजों को बारिश के दौरान खतरा मोल लेकर नाव से अस्पताल पहुंचाया जाता है।

### कई बार भेज चुके प्रस्ताव

कोड़ेगांव बी के सरपंच ने बताया कि कोड़ेगांव बी के आश्रित गांव कोसमी तक सड़क निर्माण के लिए ग्राम पंचायत से कई बार प्रस्ताव भेजा जा चुका है। हाल ही में मुख्यमंत्री से मिलकर भी सड़क निर्माण की मांग की गई है, लेकिन आज तक सड़क नहीं बनी हैं। परेशान ग्रामीण अब आगामी हर चुनाव का बहिष्कार करने का ठान कर बैठे हैं।

- **जितेन्द्र सिन्हा**, *सरपंच कोड़ेगांव बी (आश्रित ग्राम कोसमी)*

## मां अंगारमोती दाई की ऐतिहासिक मड़ई आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती दाई की ऐतिहासिक मड़ई शुक्रवार 24 अक्टूबर को होगी। आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि परंपरानुसार दीपावली के बाद प्रथम शुक्रवार को मां अंगारमोती मड़ई का आयोजन किया जाता है। मंड़ई मेला को लेकर ट्रस्ट ने सारी तैयारी कर ली है। 52 गांव के देवी देवताओं एवं सिरहा बैगा को आमंत्रण दिया जा चुका है। माता के दरबार में इस दिन अंचल सहित दूर-दूर के देवी देवता शिरकत करेंगे। कांकेर, केशकाल आदि क्षेत्र के आंगा देवता के अलावा अंचल के डांग डोली, देव विग्रह, काली कंकाली, कांटा बैगा, डोकरा बैगा सहित अनेक देवी देवता एकत्रित होंगे, जिसका दर्शन करने प्रदेश भर के लोगों का आगमन होगा। मां अंगारमोती सर्वमनोकामना पूर्ण करने वाली वन देवी है जिसकी ख्याति देश प्रदेश में फैली हुई है। उन्होंने लोगों को अंगारमोती मड़ई में उपस्थिति की अपील की है। साथ उन्होंने श्रद्धालु माता व बहनों से अपील की है कि मेले में कीमती गहने-जेवर पहन व महंगे सामान लेकर न आवें। मेले में चोर भीड़ का फायदा उठाकर आपके महंगे सामानों की चोरी कर सकते हैं। मंदिर के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि पुत्र-पुत्री की कामना लिए निःशंतान महिलाएं मंदिर में इस वर्ष भी परण पड़ेंगे।



## त्यौहार पर 6 थाना क्षेत्रों में अशांति तो 7 थाना क्षेत्र में शांति रही



- तीन दिन में हत्या, मारपीट के 36 अपराध दर्ज हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दीपावली त्यौहार में जिले के 6 थाना क्षेत्रों में हत्या व मारपीट की घटनाएं हुई है तो सात थाना क्षेत्र में छुटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्वक त्यौहार मनाया गया है।

पांच दिवसीय दीपावली त्यौहार को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने पुलिस विभाग द्वारा पूरी तैयारी की गई थी। जिसके चलते जिले के सात थाना क्षेत्र में त्यौहार शांतिपूर्ण मनाया गया लेकिन 6 थाना क्षेत्र में हत्या, चाकूबाजी सहित मारपीट के 36 प्रकरण दर्ज किया गया है। त्यौहार पर अपराधिक मामले सबसे ज्यादा कोतवाली व कुरूद थाना क्षेत्र में दर्ज की गई है। सिटी कोतवाली में 8, कुरूद में 8, भखारा 5 व अर्जुनी में 6 मामले दर्ज किये गये है। इसमें करेली बड़ी चौकी क्षेत्र के ग्राम हरदी में पत्नी की हत्या कर पति के फांसी लगाकर आत्महत्या करने व बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम चटौद के पास युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर पुल से नीचे फेंकने का मामले शामिल है। वहीं जिले के सात थाना मेचका, बोराई, केरेगांव-खल्लारी, दुगली, नगरी और अकलाडोंगरी क्षेत्रों में शांति रही है।

### पत्थर से सिर कुचलकर युवक की हत्या



बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम चटौद पुल के नीचे बुधवार की सुबह एक युवक की खून से लथपथ लाश पाई गई। चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ था। पास में ही युवक की बाईक पड़ी हुई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की शिनाख्ति मनीष बया पिता कृष्णा ग्राम करगा चौकी बिरेझर निवासी के रूप में हुई। ग्रामीणों का कहना है कि युवक अपने पिता के साथ रायपुर में रहता था। कभी-कभी गांव आता था। युवक का चेहरा कुचला हुआ था। वहीं पत्थर भी पड़ा हुआ था। पुलिस का कहना है कि यह मामला प्रथम दृष्टया हत्या का लग रहा है। घटना की जांच की जा रही है।

### बठेना वार्ड के पार्षद से मारपीट



बठेना वार्ड के पार्षद व एमआईसी सदस्य श्यामलाल नेताम ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराया है कि मंगलवार को बठेना वार्ड में गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान युवक इन्द्रजीत नेताम अपने मुंह में पानी भरकर बाजा बजाने वालों के ऊपर डाल रहा था जिसे मना करने पर युवक ने गाली गलौज व मारपीट कर हाथ में पहने कड़े से हमला कर दिया। हमले में पार्षद के सिर, दाहिने हाथ की कलाई समेत शरीर पर अन्य जगहों पर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी इन्द्रजीत नेताम के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बिजली बिल बना नगर निगम के लिए सिरदर्द बकाया 10 करोड़ पार, अब सोलर सिस्टम ही है आस

- हर माह 22 लाख की बिजली खपत, समय पर भुगतान न होने से बढ़ता जा रहा बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम धमतरी भारी बिजली बिल के बोझ तले दबता जा रहा है। हर माह औसतन 20 से 22 लाख रुपये का बिजली बिल आता है। आर्थिक तंगी के चलते निगम समय पर इस बिल भुगतान नहीं कर पा रहा है। नतीजतन बकाया राशि बढ़ते-बढ़ते अब 10 करोड़ 91 लाख रुपये से अधिक हो गई है।

निगम प्रशासन ने फिलहाल शासन से मिलने वाली अनुदान राशि से बिल समायोजित करने की योजना बनाई है लेकिन यह प्लानिंग समय पर राशि न मिलने के कारण अधर में लटक गया है। स्थिति यह है कि विद्युत विभाग अब लगातार भुगतान के लिए दबाव बना रहा है और निगम के सामने इस बिल को पटाना एक गंभीर चुनौती बन गई है। पूर्ववर्ती सरकार की 400 यूनिट हाफ बिजली योजना चला रही थी। यह योजना घरेलू कनेक्शनों के लिए थी इस कारण नगर निगम को उस वक्त भी बिल से राहत नहीं मिली थी। उस समय भी नगर निगम का मासिक बिल 20-22 लाख रुपये तक ही आ रहा था। बिल की पेंडेंसी उसी वक्त से शुरू है।



### सोलर सिस्टम लगाने की पहल

नगर निगम के विभिन्न भवनों, शाखाओं, शौचालयों, स्ट्रीट लाइट, मोटरपंप, सिवरेज प्लांट और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में बड़े पैमाने पर बिजली खपत होती है। अकेले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का बिल ही 10 से 12 लाख रुपये प्रतिमाह तक पहुंच जाता है। इसके अलावा अन्य उपभोग वाले संस्थानों का बिल 8 से 10 लाख रुपये होता है। हाल ही में शासन से प्राप्त 66 लाख और 89.31 लाख रुपये की राशि से आंशिक भुगतान किया गया है। लेकिन यह राहत अस्थायी साबित हुआ। अब नगर निगम ने सोलर सिस्टम लगाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। निगम कार्यालय, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व अन्य प्रमुख स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। इससे बिजली की खपत घटेगी और भविष्य में भारी भरकम बिल से राहत मिलेगी। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया गया है।

### राईस मिल मजदूर की सर्पदंश से मौत

**धमतरी।** राईस मिल में काम करते समय एक मजदूर को जहरीले सांप ने काट लिया था। घायल मजदूर की अस्पताल में मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम फागुनदाह थाना पुरूर निवासी शोभाराम वर्मा राईस मिल में मजदूरी करता था। बीते 18 अक्टूबर को शोभाराम मजदूरी करने राईस मिल गया था। जहां काम करते समय मजदूर को जहरीले सांप ने काट लिया। सर्पदंश से घायल मजदूर को उपचार के लिये मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां ईलाज के दौरान बुधवार की रात्रि मजदूर की मौत हो गई। गुरुवार को चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सुपुर्द किया।

## छह साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

- गोवर्धन पूजा की शाम टॉफी देने के बहाने किया घिनौना कृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

गोवर्धन पूजा की शाम एक 6 वर्षीय मासूम को टॉफी देने के बहाने बहला-फुसलाकर आरोपी ने नाबालिग से दुष्कर्म करने की कोशिश की। डरी सहमी बच्ची ने किसी तरह वहां से रोते-बिलखते घर पहुंच सारी बाते अपनी मां को बताई जिसके बाद परिजनों ने थाना पहुंच घटना की एफआईआर दर्ज कराई।

मामला भखारा थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां आरोपी तिलोकचंद अग्रवाल उर्फ बबलू ने एक 6 वर्षीय मासूम बच्ची को दुकान से चॉकलेट-बिस्किट खिलाने के बहाने गांव में ही खड़े एक ट्रक के पीछे ले जाकर छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत किया। जिसके बाद डरकर बच्ची रोते-बिलखते अपनी मां के पास पहुंच पूरी घटना बताई। आक्रोशित परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस थाना भखारा को दी।

परिजनों ने उक्त मामले में अपनी बच्ची के साथ आरोपी द्वारा दुष्कर्म जैसा कृत्य करने के साथ उनके साथ अभद्र व्यवहार किये जाने की शिकायत पुलिस से की। मामले की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस ने तत्काल आरोपी तिलोकचंद अग्रवाल को बुधवार की रात 11 बजे के करीब उनके घर से गिरफ्तार किया एवं आरोपी के खिलाफ धारा 137(2), 65(2) बीएनएस 4, 6 पॉस्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर जेल भेजने की कार्यवाही की है।



आरोपी युवक

बंगाल की खाड़ी में निम्नदाब का क्षेत्र हो रहा है तैयार

## बारिश की आशंका ने बढ़ाई किसानों की चिंता

- अगले पांच दिनों तक मौसम खराब रहने का खतरा


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बंगाल की खाड़ी में बने निम्नदाब के क्षेत्र से प्रदेश में बारिश की खतरा है। वर्षा की आशंका से क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। अंचल में हरूना किस्म की फसल पककर तैयार है। मानसून की विलंब से विदाई की वजह से धान कटाई में पहले ही किसान पिछड़ गए हैं। ऐसे में फिर बारिश की आशंका से किसानों में चिंता व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि जिले में लगभग 1.45 लाख हेक्टेयर में धान की फसल लहलहा रही है। किसान नेता घनाराम साहू, महावीर साहू बताते हैं कि इस साल जिले में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। भाठा, ठीकरा में भी धान की अच्छी फसल देखने को मिल रही है। मानसून विदाई के दौरान जमकर बरसा है, जिससे खेल गीले हैं, बारिश और गीले खेतों के कारण किसान पकी फसलों को काटने में पिछड़ गए हैं। मौसम साफ होने के बाद अब फसल कटाई की बारी है तो फिर मौसम खराब होने की खबर आ रही है। इससे किसान चिंतित हैं। तेज बारिश होने पर पकी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है।

### 26 से प्रदेश भर में बारिश की आशंका

मौसम विज्ञान विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर से अगले 5 दिनों तक दक्षिण छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 26 अक्टूबर से प्रदेश में वर्षा वितरण में वृद्धि हो सकती है। अगले 48 घंटों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन इसके बाद 1 से 2 डिग्री तापमान बढ़ने की संभावना है।



### उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना

मौसम विज्ञान केंद्र से जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और इससे सटे दक्षिणी अंडमान सागर पर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। यह समुद्र तल से 5.8 किमी उपर तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव से 24 अक्टूबर को दक्षिण पूर्व एवं इससे सटे पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी पर निम्नदाब का क्षेत्र बनने के आसार है। निम्नदाब का क्षेत्र पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने के साथ 24 घंटे में अधिक स्पष्ट हो जाएगी। इसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा मेघ गर्जन के साथ वज्रपात हो सकता है। दो दिनों के बाद एक दो स्थानों में मेघ गर्जन के साथ कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969




**खबर संक्षेप**

## अंवरी में धूमधाम से मनाया गया दीपावली पर्व

**अंवरी।** अन्धकार पर प्रकाश की विजय का पर्व दीपावली पर इस वर्ष दो दिनों तक धन की देवी माँ लक्ष्मी की पूजा की गई। दिवाली अंचल के कई गाँव में 20 अक्टूबर को मनाया गया तो कुछ गाँव में 21 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा की गई। सभी लोगों ने अपने घर में वाहनों एवं अनेक प्रकार के धन की पूजा की।

**निधन**

## डॉ. ए.के. सिंग



**धमतरी।** डीसीएच के पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. सिंग का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। धमतरीवासियों ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विदित हो कि डॉ. सिंग की अमेरिका से भारत आते समय विमान में ही आकस्मिक निधन हो गया। वे रायपुर रोड पर मसीही सेवा सदन के नाम से एक निजी अस्पताल संचालित कर अंचलवासियों की सेवा की है।

### हर्षोल्लास से मनाई गई दीपावली, गौरा-गौरी एवं गोवर्धन पूजा का पर्व मना

# दीपों की जगमगाहट में नहाया नगर





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में दीपावली पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। लक्ष्मी पूजन के दिन से ही नगर का वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय दिखाई दिया। सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा सामग्री, मिट्टी के दीये, फल-फूल, मिठाइयाँ और सजावट की वस्तुओं की खरीददारी से बाजारों में रौनक देखते ही बन रही थी।

रात्रि में नगरवासी अपने-अपने घरों में विधि-विधान से लक्ष्मी-गणेश एवं शंकर-पार्वती की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दीपों की झिलमिलाहट से घर-आँगन, चौक-चौराहे और गलियाँ आलोकित हो उठीं। बच्चों ने फुलझड़ी, अनार, ताजमहल और चकरी जैसे पटाखे फोड़कर पर्व की आनंदमयता को और बढ़ा दिया।

नगर के विभिन्न मंदिरों, चौक-चौराहों और घरों में दीपों की रोशनी तथा भक्ति गीतों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण आलोकित हो उठा। लोगों ने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखते हैं और समाज में आपसी एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।

### पारंपरिक रीति-रिवाजों से सजी गौरा-गौरी पूजा

ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक रीति-रिवाजों की जीवंत झलक देखने को मिली। महिलाओं ने मिट्टी से सुंदर गौरा-गौरी की प्रतिमाएँ बनाकर उन्हें फूल-मालाओं, दीपों और पारंपरिक श्रृंगार से सजाया। रात्रि में "गौरा जगे-जगे" जैसे लोकगीतों की गूंज पूरे नगर में सुनाई दी। गौरा चौक सहित विभिन्न स्थानों पर भक्तिमय वातावरण में महिलाएँ नृत्य और भजन-कीर्तन में झूमती रहीं। बुधवार को विधि-विधानपूर्वक गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया।

### गोवर्धन पूजा में गाय को खिलाई गई खिचड़ी

बुधवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर वार्ड क्रमांक 08 स्थित गोवर्धन भाठा में यादव समाज के लोगों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गाय को खिचड़ी खिलाई। परंपरा के अनुसार 'सांहड़ा देवता' की पूजा की गई। इसके बाद यादव समाज के युवक-युवतियों ने पारंपरिक राउत नाचा, लोकगीत और दोहे प्रस्तुत कर नगर में सांस्कृतिक रंग बिखेरे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, गांव में शोक की लहर

- पंचायत भवन की दीवार पर रेलिंग लाईट लगा हुआ था जिसमें विद्युत करंट प्रवाहित था

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत सेमरा में लक्ष्मी पूजा की शाम एक हृदय विदारक घटना घटित हुई। गांव के गेविश देवांगन (उम्र 20 वर्ष), पिता मिलाप देवांगन की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, दिवाली पर्व के अवसर पर गेविश देवांगन ने अपने घर को झालर और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया था। शाम के समय वे अपने घर की सजावट का फोटो लेने के उद्देश्य से पंचायत भवन के पास अपने ट्रैक्टर के ऊपर चढ़े हुए थे। इसी दौरान पंचायत भवन की दीवार पर रेलिंग लाईट लगा हुआ है जिसमें लगे रेलिंग में विद्युत करंट प्रवाहित था,जो अनजाने में उनके संपर्क में आ गया। करंट लगते ही गेविश मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि गेविश देवांगन कुछ ही दिन पहले अपना जन्मदिन अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनाया था। उनके असमय निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं और घर-घर मातम का माहौल छा गया।

गांव के ग्रामीण पप्पू देवांगन ने बताया कि गेविश स्वभाव से मिलनसार और हंसमुख थे। वे समाजसेवी कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे और युवाओं में उनकी विशेष पहचान थी। उनके जाने से गांव ने एक होनहार और सक्रिय युवक को खो दिया है।

इस घटना के संबंध में ग्राम पंचायत की सरपंच कविता ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक बेहद दुखद घटना है। यदि पंचायत की दीवार में करंट प्रवाह की जानकारी होती तो निश्चित रूप से सुधार कार्य कराकर यह दुर्घटना टाली जा सकती थी। जानकारी नहीं थी।

## कठौली में लहर गंगा का होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से अनुराग साहित्य एवं कला संस्था ग्राम कठौली के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कला साधक श्री पुराणिक साहू कृत लहर गंगा लोक सांस्कृतिक संस्था की प्रस्तुति होगी। यह आयोजन दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में 24 अक्टूबर 2025, शुक्रवार को बाजार चौक कठौली में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण सिंह साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता डॉ. खेमराज साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कठौली करेंगे। साथ ही अंचल के जनप्रतिनिधि, कला एवं साहित्य के हस्तियों की उपस्थिति इस सांस्कृतिक पर्व को और भी प्रेरणादायी बनाएगी। आयोजन समिति के प्रमुख प्रशांत सोनवानी अध्यक्ष अनुराग कला एवं साहित्य संस्था ग्राम कठौली ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम की शुरुआत सायं 5 बजे से होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के नामचीन कला एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा सुवा नृत्य, रावत नाचा जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की प्रस्तुतियाँ होंगी। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक लोक कला संस्था "लहर गंगा" का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्य राजकुमार निषाद, रामकुमार साहू, अर्जुन मानिकपुरी, जितेन्द्र साहू, परमेश्वर निषाद, विरेन्द्र नगारची, टिकेश्वर विश्वाकर्मा, रेखा निषाद, जागृति साहू आदि जुटे हुए हैं।

## घुटकेल में गोवर्धन पूजा श्रद्धा और उत्साह से सम्पन्न

- लोगों ने अपने पशुधन की पूजा कर गाय बैल को खिचड़ी खिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम घुटकेल में इस वर्ष गोवर्धन पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। यादव समाज सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस पारंपरिक पर्व में ग्रामीणों ने सांहड़ा देव को गैठा, सोहई, लाली बंधन और पुष्प अर्पित कर नमन किया। सभी ने सनातन परंपरा का पालन करते हुए विधि-विधान से पूजा कर ग्राम की खुशहाली, समृद्धि और सौहार्द की कामना की।



इस अवसर पर चैतराम मरकाम, वीरेंद्र यादव, रामस्वरूप यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रमुख और पुलिस ने संभाली व्यवस्था

कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित बनाने में ग्राम प्रमुख प्रफुल्ल चंद, समरथ ठाकुर तथा थाना बोराई प्रभारी नरेंद्र कुमार सिंह की विशेष भूमिका रही। उनके निर्देशन में एएसआई राकेश कुमार मिश्रा, डोमेन्द्र ओटी, महेंद्र कुंजाम और पुलिस टीम ने पूरी सतर्कता के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। सभी वर्गों की सक्रिय कार्यकम में भागीदारी देखने मिला। साथ पूजा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक नाश्ता और पारस्परिक संवाद के आयोजन से ग्रामवासियों के बीच सौहार्द और एकता का वातावरण और अधिक प्रगाढ़ हुआ।

## दीपावली मिलन समारोह एवं गोवर्धन पूजा का हुआ आयोजन

**नगरी।** ग्राम बेलरगांव में ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चुन्नूलाल साहू सोनबाकला परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से निरंतर 20 वर्ष तक दो महिला पुरुष बुजुर्गों का सम्मान और रंगोली व घर में आम पत्तों और केला पत्ता सजावट ,गौरी गौरा सजावट, सबसे ज्यादा मिट्टी का दीया जलाने वाला एवं गांव में सबसे पहले दीया जलाना एवं अन्य सजावट किया जाता है जिसमें सभी को श्रीफल एवं अंशदान पुरस्कार किया गया। सभी मोहल्ला से आए हुए ग्रामवासी प्रबुद्धजन लोग ने भाईचारे के साथ एक दूसरे को तिलक बंधन एवं गले मिलकर बधाई दी। सभी ने अपने उद्बोधन में भगवान श्री कृष्ण की कथा बताई। इस कथा से हमें यह सीख मिलती है कि सभी एक साथ मिलकर कोई भी पर्व मनाया तो उत्साह बहुत अच्छा रहता है। मौकै पर लीलाम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं विकास समिति, चुन्नू लाल साहू, अमरसिंह पटेल ग्राम पटेल उमेद मरकाम पूर्व सरपंच, कैलाश नाथ प्रजापति, हुमित लिमजा, सुरेश देवांगन, उमेश साहू, आत्माराम लिमजा, ओमप्रकाश देवागन, बलिराम देवागन, सुकदेव साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नवागांव कंडेल में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया



- भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को संस्कारों से निभाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीपावली के दूसरे दिन ग्राम नवागांव कंडेल में भाई दूज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे ग्राम में बहनों ने अपने भाइयों की पूजा-अर्चना कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की।

ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मनराखन लाल साहू (ग्राम पटेल) अपने परिवार सहित दीपावली एवं भाई दूज के अवसर पर पैतृक ग्राम नवागांव पहुँचे और पूरे विधि-विधान व संस्कारों के साथ पर्व मनाया। इस अवसर पर भाई जितेंद्र साहू, प्रतीक साहू, कुशाग्र साहू को बहनों हर्षिता, पूर्वा, निधि, रीतिका, कनिष्का और योग्यसा ने गुलाल तिलक लगाकर, श्रीफल अर्पित कर, मिठाई खिलाई और उपहार देकर सम्मान किया। वहीं भाई डॉ. रूपनारायण (राजू) साहू को बहनों अनु कुमारी, मधु साहू, मंजूषा साहू, सवितांजलि और रेखा साहू ने तिलक कर आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार भाई परमेश्वर, कुलेश्वर, गणेश प्रसाद, बलेश और राकेश साहू को बहन प्राची साहू ने पूजा-अर्चना कर गुलाल तिलक लगाया और श्रीफल भेंट कर मिठाई खिलाई।

## पवार परिवार ने सार्थक के बच्चों के साथ मनाई दिवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीपावली पर्व पर श्रीमती चमेली पवार पूर्व सरपंच मड़ईभाठा, श्रीमती नीलू पवार पूर्व पार्षद, रितेश पवार, श्रीमती सुनीता पवार, श्रीमती जूही पवार एवं मुरली देवांगन ने सार्थक स्कूल पहुंचकर विशेष बच्चों के साथ दीपावली मनाई। बच्चों को पटाखे, मोमबत्तियां और मिठाई उपहार स्वरूप दी गई। फूलझड़ी,



चकरी, अनार जैसे सुरक्षित पटाखे पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। श्रीमती चमेली पवार ने कहा कि इन मासूम चेहरों की मुस्कान ही सच्ची दीवाली की रोशनी है। श्रीमती नीलू पवार ने कहा कि सार्थक के बच्चों की ऊर्जा और आत्मविश्वास देखकर मन प्रसन्न हो गया। ऐसे कार्यों में समाज की भागीदारी आवश्यक है।

सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सार्थक स्कूल को संचालित हुए 21 वर्ष हो चुके हैं और यह पहली दीवाली है जब बच्चों को इतने सारे सुरक्षित पटाखों और मिठाइयों के उपहार मिले। वरिष्ठ प्रशिक्षिका श्रीमती मैथिली गोड़े, संगीत प्रशिक्षिका देविका दीवान, नृत्य प्रशिक्षिका काजल रजक, सुनैना गोड़े, सुभाष मलिक, रोशनी सोनी ने इस सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### भव्य शोभायात्रा निकाल कर नदी-तालाबों में किया गया विसर्जित

# कुरूद अंचल में धूमधाम से मनाया गया गौरी-गौरा उत्सव







हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व में से एक गौरी-गौरा उत्सव कुरूद नगर सहित पूरे अंचल में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में उल्लास का वातावरण रहा। ग्रामीण अंचलों में भी गौरी-गौरा की बारात निकालकर भव्य शोभायात्रा गली भ्रमण करते हुए गांव की प्रमुख निस्तारी तालाबों में पहुंची जहां विसर्जन किया गया।

विगत दिनों गौरी गौरा जगाने की परंपरा के साथ पर्व की शुरुआत हुई, इसके उपरांत विभिन्न विधि विधानों के साथ दीपावली की मध्य रात्रि को भगवान शिव जी और माता पार्वती का भव्य बारात निकाल कर बहुत ही धूमधाम के साथ विभिन्न गौरा चौकों में इसे विराजित किया गया और मंगलवार विधिवत विसर्जन किया गया। धुमाल की मनभावन थाप और पारंपरिक गड़वा बाजा की धुन पर नाचते गाते हुए और पारंपरिक सांटा लगवाकर लोगों ने पर्व के प्रति अपनी आस्था को प्रकट की।

इसी तरह नगर के विभिन्न वार्डो में जनप्रतिनिधि गण भी उत्सव में शामिल हुए। ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत चर्रा, मोंगरा, कातलबोड, बानगर, परखन्दा, चरमुड़िया, जोरातराई, सिलौटी, सौराबांधा, भुसरेंगा, बगौद, भाठागांव आदि में राउत, गोड़ समाज के लोगों ने पारंपरिक तरीक़े से गांव में गौरा-गौरी जगाने से लेकर बारात शोभायात्रा एवं विसर्जन की रस्म अदा कर गोवर्धन पूजा मना एक दूसरे पर गोबर का टीका लगाकर, गले मिल पर्व की बधाई दी।

### विधायक चंद्राकर ने गौरी-गौरा का लिया आशीर्वाद

बुधवार को सुबह गौरी-गौरा शोभायात्रा के दौरान वार्ड क्रमांक 5 स्थित अपने निवास से निकलकर विधायक अजय चंद्राकर भगवान को श्रीफल भेंटकर क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर और विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने नगर के विभिन्न वार्डो में माता गौरी और भोले बाबा की पूजा आराधना करके नगर और क्षेत्र के विकास की कामना की। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने परिवार सहित गौरी-गौरा की पूजा आराधना की और पूर्व सीएम बघेल की तरह अपने हाथों में सांकड़ लेते वीडियो शोशल मीडिया में वायरल किया।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


भाई दूज
देवउठनी एकादशी
तुलसी विवाह
की आप सभी को हार्दिक बधाई
एवं मंगल शुभकामनाएं
पं.राजेश शर्मा

ग्रामीण महिलाओं को मिलेगा रोजगार, आदिवासी परिवारों की बढ़ेगी आय

# रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने नगरी में बनेगा बड़ा रेशम क्लस्टर

**आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रशासन की बड़ी पहल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी जिले के नगरी विकासखंड में रेशम उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़े रेशम क्लस्टर की स्थापना की जा रही है। यह क्लस्टर ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के लिए आजीविका का नया स्रोत बनेगा। जिला प्रशासन द्वारा तैयार यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है, जो अनुमोदन की अंतिम प्रक्रिया में है। योजना के अंतर्गत तसर पालन, धागाकरण, प्रशिक्षण और विपणन की पूरी श्रृंखला स्थानीय स्तर पर विकसित की जाएगी।



### तसर कोसा धागाकरण से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं

प्रारंभिक चरण में 20 महिलाओं को बुनियादी रीलिंग एवं विद्युत चालित स्पिनिंग मशीन का प्रशिक्षण दिया गया है। आगामी चरण में चार अन्य ग्रामों की 20 महिलाओं को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षित महिलाएं वर्तमान में कोसा धागाकरण का कार्य कर रही हैं।

### घर बैठे आमदनी का अवसर

खोज संस्थान की प्रतिनिधि सावित्री यादव ने बताया कि प्रशिक्षित महिलाएं अब अपने घरों से ही तसर धागा उत्पादन का कार्य करेंगी, जिससे उन्हें प्रतिदिन 200 से 250 तक की अतिरिक्त आमदनी होगी।

स्थानीय महिला भुनेश्वरी ने बताया कि कुकून (कोसा) से धागा निकालने के लिए पहले उसे सोडा-साबुन के मिश्रण में उबालकर तैयार किया जाता है, तत्पश्चात मशीनों की सहायता से महीन धागा तैयार किया जाता है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग है।



### ग्रामीण महिला अपने कौशल के बल पर आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे : कलेक्टर

कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने कहा रेशम उद्योग ग्रामीण और आदिवासी महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का एक सशक्त माध्यम बन सकता है। तसर उत्पादन ऐसा कार्य है जिसमें अल्प निवेश में अधिक लाभ की संभावना है। यह महिलाओं और बेरोजगार युवाओं दोनों के लिए रोजगार का सशक्त साधन बनेगा। हमारा उद्देश्य है कि हर ग्रामीण महिला अपने कौशल के बल पर आर्थिक रूप से सशक्त बने।

### स्वावलंबन और सशक्तिकरण की दिशा में कदम

धमतरी जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि रेशम उद्योग के माध्यम से महिलाओं, किसानों और युवाओं को दीर्घकालिक और सम्मानजनक आजीविका प्राप्त हो। रेशम क्लस्टर के अंतर्गत प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग, विपणन व्यवस्था और बाजार से जुड़ाव जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पहल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी, बल्कि "आत्मनिर्भर धमतरी" के संकल्प को भी साकार करेगी।

### किसानों को भी मिलेगा लाभ

रेशम क्लस्टर की स्थापना से किसान भी लाभान्वित होंगे। इच्छुक किसान अपने खेतों में शहतूत के पौधे लगाकर कोसा पालन कर सकेंगे। इससे कृषि आधारित आय में विविधता आएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रशासन का उद्देश्य किसानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आधुनिक रेशम उत्पादन तकनीकों से जोड़ना है। प्रारंभिक चरण में 40 किसानों ने अपनी सहमति दी है।

# गोवर्धन पूजा और ईश्वर गौरी गौरा की बारात निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






गोवर्धन पूजा और गौरी गौरा के पावन पर्व पर धमतरी शहर और आस-पास के गांवों में उत्सव का माहौल पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ रहा। भक्तों ने गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा की, खिचड़ी प्रसाद बांटा और गौरी गौरा की बारात ने शहर के 40 वार्डों में श्रद्धा और उत्साह के साथ परंपरा को जीवंत किया।

शहर की गलियों में निकली बारात पारंपरिक देसी बाजे की थाप और लोकधुनों से गूंजती रही। युवाओं ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए, जबकि बैगा समुदाय ने आशीर्वाद स्वरूप सोंटा मारा, जो लोगों के लिए सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इस भव्य आयोजन को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़े।

हटकेशर, गोकुलपुर, रामपुर, लाल बगीचा, बांसपारा, मराठापारा, कोष्टापारा, साल्हेवारपारा, मकेश्वर, बठेना बस्ती सहित अन्य वार्डों में भी गौरी गौरा की बारात निकाली गई, जहां परंपरागत रीति-रिवाजों का सुंदर निर्वहन हुआ। लोगों ने आतिशबाजी के जरिए बारात का भव्य स्वागत किया और पूरा माहौल उत्सव रंग में रंग गया।

पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। सभी वार्डों में सुरक्षा बल तैनात किए गए और यातायात नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की गई, जिससे कार्यक्रम बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

पूरे आयोजन में भगवान कृष्ण, भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की गई, जिससे आध्यात्मिक माहौल बन गया। गोवर्धन पूजा की धार्मिक गरिमा के साथ-साथ गौरी गौरा की बारात ने सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत किया।

सुबह विसर्जन के साथ पर्व का समापन हुआ, लेकिन त्योहार की खुशियाँ और सांस्कृतिक विरासत की मिठास लोगों के दिलों में लंबे समय तक जमी रहेगी।

धमतरी में इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि परंपराओं के प्रति आस्था और सामाजिक मेलजोल के बिना जीवन अधूरा है। इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

# दिवाली में धमतरी की थोक सब्जी मंडी चार दिन से बंद

- बाजार में सब्जियों के दामों ने तोड़ी कमर
- शुक्रवार से मंडी खुलने पर सामान्य होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



दिवाली त्योहार के चलते धमतरी की श्यामतराई स्थित थोक सब्जी मंडी चार दिनों से पूरी तरह बंद रहने के कारण शहर में सब्जियों की सप्लाई थम गई और बाजार में भाव आसमान छूने लगे। गुरुवार को शहर के प्रमुख बाजारों में ताजे हरे सब्जियों की भारी कमी रही। स्थिति यह रही कि कुछ व्यापारी रायपुर, दुर्ग, भिलाई, नादगांव और गुंडरदेही से ट्रक और मिनी वाहन के जरिए सब्जियां मंगाकर बेचने पहुंचे, लेकिन सीमित मात्रा और ज्यादा खर्च की वजह से दरें सामान्य से दोगुनी-तीन गुनी रहीं।

विक्रेताओं ने बताया कि बाजार में गोभी 120 रूपए किलो, अदरक 120रूपए किलो, करेला और बरबटी 80रूपए किलो, भिंडी 80रू किलो, मूली और गाजर 50रू किलो, टमाटर 40 से 50 रू. किलो तथा पत्ता गोभी 60रू किलो तक पहुंच गई। सब्जियों के दामों में हुई इस तेज बढ़ोतरी ने आम उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। ग्राहकों का कहना है कि सब्जी जैसी जरूरी चीज भी अब त्योहार के वक्त लग्जरी बन गई है।

सब्जी विक्रेता नकुल सोनकर ने बताया कि उन्होंने गुंडरदेही से सब्जियां मंगवाई हैं, लेकिन ट्रांसपोर्ट और लोडिंग का खर्च अधिक पड़ने के कारण उन्हें महंगे दाम पर बेचना पड़ा। उन्होंने कहा कि मंडी बंद होने से स्थानीय आपूर्ति ठप है, इसलिए जो भी माल बाहर से आया है, वह बहुत महंगा है। बावजूद इसके, लोगों की जरूरत देखते हुए सब्जियां बेची जा रही हैं।

धमतरी के रामबाग, गोलबाजार और इतवारी बाजार क्षेत्र में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ लगी रही, लेकिन अधिकांश दुकानों पर सब्जियां सीमित मात्रा में ही उपलब्ध थीं। कुछ ग्राहकों ने बताया कि पहले जहां 100 रुपये में चार-पांच तरह की सब्जियां मिल जाती थीं, अब उतने में केवल दो किलो ही मिल रही है।

थोक सब्जी विक्रेता संघ अध्यक्ष कैलाश यादव ने बताया कि शुक्रवार से थोक सब्जी मंडी खोली जाएगी, जिसके बाद आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि स्थानीय किसानों से ताजी सब्जियों की आवक शुरू होते ही दामों में राहत मिलेगी।

त्योहारों के समय सब्जी मंडी का बंद रहना हर साल उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों के लिए परेशानी खड़ी करता है। इस बार लगातार चार दिन की बंदी ने बाजार की पूरी व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। खुदरा विक्रेताओं का कहना है कि माल महंगा आने से मुनाफा कम हुआ है और बिक्री भी आधी रह गई है।

ग्राहकों ने प्रशासन से यह मांग भी की है कि त्योहारों के दौरान सब्जी मंडी को पूरी तरह बंद न किया जाए, ताकि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित न हो। शुक्रवार को जैसे ही मंडी खुलेगी, शहर में सब्जियों की उपलब्धता बढ़ने और दामों में गिरावट की उम्मीद है। फिलहाल बाजार में गोभी और अदरक जैसी आम सब्जियां भी लोगों की थाली से गायब हैं, जबकि टमाटर, करेला और भिंडी जैसी सब्जियां केवल जरूरतमंद ही ऊंचे दामों पर खरीद रहे हैं।

## सिलौटी स्कूल में हुआ सुआ नृत्य

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में हमारी संस्कृति हमारी धरोहर के तहत धनतेरस पर्व पर सामूहिक सुआ नृत्य का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य बी पदमा राजेश, अजय यादव, जयनारायण सोनवानी, संतोष जैन, संतोष ध्रुव, चम्पेश्वर साहू, युगल सेन, निर्भय साहू, हुलास साहू, नीलम साहू, हितेश साहू, चित्ररेखा यादव, आर पोर्ते समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।







# कबीर धर्मदास वंशावली मिशन ने दीपावली पर फैलाया मानवता का उजियारा

- वृद्धाश्रम, मंदिर परिसर और अस्पताल में जरूरतमंदों को बांटे उपयोगी वस्त्र व सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



दीपावली पर्व पर जहां लोग अपने घरों को दीपों से रोशन कर रहे हैं, वहीं सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन ने इस बार सेवा का दीप जलाओ, मानवता का संदेश फैलाओ अभियान के माध्यम से समाज में करुणा और सहानुभूति का प्रकाश फैलाया।

कबीर पंथ दामाखेड़ा के पंद्रहवें वंशाचार्य हुजूर प्रकाश मुनि साहेब और सोलहवें वंशाचार्य उदित मुनि साहेब के आशीर्वाद व प्रेरणा से धमतरी जिले में यह मानवता सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन का मूल मंत्र जीव दया और आत्म पूजा इस आयोजन की आत्मा रहा।

यह कार्यक्रम श्री सद्गुरु कबीर आश्रम, पोटियाडीह के महंत त्रिलोकी साहेब के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन में मिशन जिला धमतरी के मुख्य प्रतिनिधि ध्रुव साहू, सलाहकार महंत बजरंग साहेब, महिला प्रतिनिधि श्रीमति हुलसी माई, युवा प्रतिनिधि थानेंद्र साहू, बालोद जिला प्रतिनिधि मिथलेश साहू सहित अनेक तहसील व ग्रामीण प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सेवा कार्य के अंतर्गत मिशन सदस्यों ने वृद्धाश्रम रूद्री, विंध्यवासिनी मंदिर के पास जरूरतमंद लोगों और जिला अस्पताल धमतरी में मरीजों को साल, कपड़े, फल, साबुन, वॉशिंग पाउडर जैसी दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट की और उनका कुशलक्षेम जाना। यह पहल न केवल जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाई बल्कि समाज में मानवता, करुणा और सेवा की भावना को भी नया बल दिया।

## गौरा गौरी की झूमते-नाचते निकली बारात

- सभापति विजय मोटवानी ने निभाई पारंपरिक रीति रिवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भगवान शंकर और माता पार्वती के स्वरूप ईश्वर गौरा गौरी की पारंपरिक बारात दीपावली पर्व पर आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। झूमते और गाते श्रद्धालुओं की भीड़ जब आमापारा वार्ड से गुजरी, तो नगर पालिका पीडब्ल्यूडी विभाग के सभापति विजय मोटवानी ने परंपरा का निर्वाह करते हुए बारात में सहभागिता निभाई। सभी के आग्रह पर उन्होंने स्वयं के सिर पर गौरा-गौरी को विराजित किया और भक्तिमय वातावरण में शामिल होकर परंपरा को आगे बढ़ाया। उनकी सहजता और सरल व्यवहार से प्रभावित होकर वार्डवासी उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों पर संतोष जताते दिखे।

गौरतलब है कि सभापति मोटवानी के प्रयासों से आमापारा वार्ड में लगभग एक करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें समर्थन दिया, उस पर खरा उतरना उनका दायित्व है। वार्डवासियों के सुख-दुख में सदैव सहभागी रहना उनकी प्राथमिकता है।

